दैनिक
नया तेवर, नया कलेवर
# यशोभूमि
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# डब्ल्यूटीसी मुंबई और एआईएआई ने दी मोदी को बधाई

## लगातार 4399 दिन पूरे करने वाले पहले पीएम बने नरेंद्र मोदी

## दो ट्रिलियन से बढ़कर 4 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बना भारत

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** एमवीआईआरडीसी विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी) मुंबई और अखिल भारतीय उद्योग संघ (एआईएआई) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के लोकतांत्रिक सफर में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। विश्व व्यापार केंद्र मुंबई और अखिल भारतीय उद्योग संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कलंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने कार्यालय में लगातार 4399 दिन पूरे करना और भारत का सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाला निर्वाचित प्रधानमंत्री बनना देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि न केवल राजनीतिक निरंतरता को दर्शाती है, बल्कि भारत के लिए परिवर्तनकारी आर्थिक विकास, संरचनात्मक सुधारों और बढ़ी हुई वैश्विक पहचान के दौर को भी रेखांकित करती है।



डॉ. कलंत्री ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत 2014 की 2 लाख करोड़ (2 ट्रिलियन) अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था से बढ़कर आज 4 लाख करोड़ (4 ट्रिलियन) अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से उठकर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विनिर्माण, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, नए उद्यमों (स्टार्टअप), डिजिटल अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है।

### पीएम ने मजबूत की भारत की स्थिति

डॉ. कलंत्री ने यह भी जोड़ा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने मजबूत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों, ग्लोबल साउथ के समर्थन और व्यापार, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण तथा आर्थिक सहयोग पर चर्चाओं को आकार देने में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की वैश्विक स्थिति को भी मजबूत किया है। हम उन्हें इस ऐतिहासिक मील के पत्थर पर बधाई देते हैं और विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर देश का नेतृत्व करने में उनकी निरंतर सफलता की कामना करते हैं।